**खबर संक्षेप**



## अच्छे प्रदर्शन से शीर्ष 20 में पहुंचे सात्विक-अश्विनी

**नई दिल्ली।** सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को हाल में एशियाई चरण के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन का फायदा विश्व रैंकिंग में मिला और वे मंगलवार को जारी रैंकिंग में विश्व की शीर्ष 20 जोड़ियों में शामिल हो गये हैं। बता दें कि सात्विक और अश्विनी टोयोटा थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। वह किसी सुपर 1000 विश्व टूर प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बनी थी। इससे वह 16 पायदान की लंबी छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 19 पर पहुंच गये हैं। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरुष युगल में 33 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

## चेन्नई-दिल्ली की नजरें तालिका में ऊपर चढ़ने पर

**कोलकाता।** चेन्नई सिटी एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी की टीम आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को यहां जब एक-दूसरे का सामना करेंगी तो उनकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने की होगी। चेन्नई की टीम चार मैचों में छह अंक के साथ सातवें जबकि सुदेवा दिल्ली पांच मैचों में पांच अंकों के साथ आठवें पायदान पर है। तालिका में शीर्ष पर काबिज ब्रदर्स के नाम 11 अंक है जबकि दूसरे से 10वें स्थान की टीम के बीच महज तीन अंक का फासला है।

**क्रिकेट : साल 2018 में द.अफ्रीका में टेस्ट डेब्यू करने वाले बुमराह ने भारत में नहीं खेला एक भी टेस्ट**

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : जो रूट के 100वें मैच से जसप्रीत बुमराह करेंगे भारत में टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 5 फरवरी से चेन्नई में शुरू हो रहा है। सीरीज का पहला टेस्ट दो खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रहने वाला है। एक इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट, जिनके करियर का ये 100वां मैच होगा तो दूसरे वो जो इस टेस्ट मैच के लिए अपनी माटी पर डेब्यू करेंगे।

### बल्लेबाजों में खौफ का नाम बुमराह




इस टेस्ट सीरीज में ये कमाल ही होगा जब भारत और इंग्लैंड की टीमें चेन्नई में आमने सामने होंगी। जसप्रीत बुमराह भारत के नंबर वन तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने अपने नाम का खौफ दुनिया भर के बल्लेबाजों में जगा रखा है.लेकिन अभी तक उन्होंने अपनी धरती पर एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बुमराह का अपनी सरजमी पर टेस्ट डेब्यू इंग्लैंड के खिलाफ होगा।

### जसप्रीत की विदेशी पिच से शुरूआत

आमतौर पर गेंदबाज जब अपने करियर की शुरुआत करता है तो घरेलू मैदानों पर विकेट चटकाता है, लेकिन बुमराह घर में खेलने से पहले ही दुनिया भर में अपने नाम का डंका पीट चुके हैं। 5 देशों को मिलाकर खेले कुल 17 टेस्ट में वो 79 विकेट ले चुके हैं। यानी, वो अब अपने 100वें टेस्ट विकेट के भी करीब हैं।



### रूट खेलेंगे 100वां मैच, 50वां टेस्ट

*भारत में बुमराह का डेब्यू जो रूट के 100वें टेस्ट मैच से हो रहा है। जो रूट ने अब तक अपने करियर के 99 टेस्ट मैचों में करीब 50 की औसत से 8249 रन बनाए हैं। रूट ने अपने अब तक के करियर में 99 में से 46 टेस्ट बतौर कप्तान खेले हैं। मतलब ये कि भारत के खिलाफ सीरीज का पहला टेस्ट अगर उनका 100वां मैच होगा तो आखिरी टेस्ट बतौर कप्तान 50वां मैच भी होगा।*

## प्रैक्टिस के लिए उतरी टीम इंडिया शास्त्री ने खिलाड़ियों में भरा जोश



**चेन्नई।** इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से भारत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो रही है। कोरोना महामारी के कारण मैच नहीं खेले जा रहे थे।

शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम मंगलवार को नेट प्रैक्टिस के लिए उतरी। विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम सुबह 10 बजे ग्राउण्ड पहुंची जहां सभी खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया।

### 6 दिन का क्वारेंटाइन पूरा किया

भारतीय टीम के मीडिया अधिकारी ने बताया कि भारतीय टीम ने चेन्नई में 6 दिन का क्वारेंटाइन पूरा कर लिया था। जिसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी सोमवार को आउटडोर सत्र के साथ शुरू की थी। सभी खिलाड़ियों की कोरोना की रिपोर्ट निगेटिव आई थी।

### शास्त्री ने किया टीम का स्वागत

बीसीसीआई ने मंगलवार को तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें भारतीय खिलाड़ी गोल घेरे में खड़े हैं। मुख्य कोच रवि शास्त्री ने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि चेन्नई में हमारे नेट प्रैक्टिस का आज पहला दिन है, आप सभी का स्वागत। उन्होंने हर हाल में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों में जोश भरा। टीम के सदस्यों का स्वागत किया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर द्वितीय पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | रोहतक–मेहम–हांसी नई लाईन के कार्य के संबंध में कि0मी0 37/500 से 70/336 के बीच में बी0 जी0 लाईन तथा टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड ज्वाइंट और एस.ई.जे उपलब्ध कराना, पुराने बी0 जी0 लाईन तथा टर्नआउट को तोड़ना, ब्लास्ट को संभालना, उठाना, रखना, उतारना और बिखेरना, पी0 बे0 मटेरियल की लीडिंग और अन्य संबंधित कार्य व गैलवेनाईज्ड स्टील चैनल स्लीपर की फैवरीकेशन, सप्लाईंग और स्थिति में फिक्स करना व 60 के0जी0 90 यू.टी.एस. रेल की एल्यूमीनो थर्मीट वेलडिंग और सिंगल शॉट क्रूसीवल एसकेवी प्रक्रिया से ज्वाईंटों को जोड़ना। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | रु0 127210431.36 (रु0 बारह करोड़ बहत्तर लाख दस हजार चार सौ एक्कतीस एवं छत्तीस पैसे मात्र) |
| 3. | धरोहर राशि | रु0 786100/– (सात लाख छियासी हजार एक सौ मात्र) |
| 4. | कार्य निष्पादन की अवधि | 8 (आठ) माह |
| 5. | निविदा जमा करने व खुलने का समय व तारीख | निविदा दिनांक **24.02.2021** तक आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, जो दिनांक 24.02.2021 को 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 02.02.2021 से 24.02.2021 तक उपलब्ध होंगे। निविदाकर्ता अपनी तकनीकी और वित्तीय बोली दिनांक 08.02.2021 से दे सकेंगे। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। |

सं0:458.एसीएस/सी0/पीवे/एन.एल./टीकेजे दिनांकः 01.02.2021 239/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पंत, रूट और स्टर्लिंग महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मंगलवार को इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग के साथ आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। आईसीसी ने पहली बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन दिया है। महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की डायना बेग और दक्षिण अफ्रीका की शबनिम इस्माइल तथा मारिजेन केप को इस मासिक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

### पंत ने सिडनी व ब्रिसबेन में दिखाया जलवा



तेइस साल के पंत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 97 रन की पारी खेली जिससे भारत मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा जबकि ब्रिसबेन में उनकी नाबाद 89 रन की पारी की बदौलत भारत ने जीत दर्ज करते हुए एतिहासिक श्रृंखला जीती।

## केनिन की मेलबर्न पार्क पर अच्छी वापसी, आंद्रीस्कू अभ्यास से बाहर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब जीतने के बाद पहली बार मेलबर्न पार्क पर उतरने वाली सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां केवल एक सेट जीतने के बाद ही येर्रा वैली क्लासिक के अगले दौर में जगह बनायी।

इस मैच के लिये कुछ दर्शक भी मारग्रेट कोर्ट ऐरेना में मौजूद थे। येर्रा वैली क्लासिक उन छह टूर्नामेंटों में शामिल है जिनका इस सप्ताह मेलबर्न पार्क में आयोजन किया जा रहा है ताकि खिलाड़ी अगले सोमवार से शुरू होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी कर सकें।



### केनिन, योहाना और एलिस की जीत

केनिन ने पहला सेट 7-5 से जीता लेकिन इसके बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी कैमिला जियोर्गी चोटिल होने के कारण मैच से हट गयी। गिप्सलैंड ट्राफी के दूसरे दौर के मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त योहाना कोंटा ने बर्नार्डा पेरा को 6-2, 6-3 से जबकि एलिस मार्टेन्स ने मायो हिबी को 6-2, 6-2 से हराया।

## नडाल नहीं खेले जोकोविच की टीम ने जीत से की शुरुआत

**मेलबर्न।** राफेल नडाल पीठ दर्द के कारण एटीपी कप टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से हट गये लेकिन उनके इस सप्ताह स्पेनिश टीम में वापसी करने की संभावना है। विश्व में दूसरे नंबर के नडाल ने आस्ट्रेलिया के अलेक्स डि मिनौर के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच से पूर्व ट्विटर पर घोषणा की कि उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द है। उन्होंने कहा, "उम्मीद है कि मैं गुरुवार तक फिट हो जाऊंगा। राफेल नडाल के हटने के बाद राबर्टो बातिस्ता आगुट स्पेन के नंबर एक खिलाड़ी बन गये हैं और वह मिनौर के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे जबकि पाब्लो कारेनो बस्टा नंबर दो खिलाड़ी की जगह लेंगे।

## बीएसई सूचकांक 49,800 के स्तर पर बंद

# दो दिन में सेंसेक्स 3500 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ है। इस दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 3,511 अंक चढ़ा है। मंगलवार को सेंसेक्स 1,197.11 अंकों की बढ़त के साथ 49,797.72 पर बंद हुआ है। सोमवार को भी इंडेक्स 2,314 अंक ऊपर बंद हुआ था। 2 फरवरी को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक बार फिर 50,154.48 को छुआ। इंडेक्स ने 21 जनवरी 2021 को पहली बार 50 हजार का आंकड़ा पार किया था। बाजार की तेजी में बैंक, वित्त और बुनियादी ढांचा कंपनियों के शेयरों में तीव्र लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार अनुकूल वैश्विक संकेत और ताजा पूंजी प्रवाह ने तेजी की गति को बनाए रखा।

### दो सत्रों में सेंसेक्स 7.58 फीसदी मजबूत

बजट के दिन की तेजी को मिलाकर सेंसेक्स दो सत्रों में 3,511 अंक यानी 7.58 प्रतिशत मजबूत हो चुका है। वहीं निफ्टी में 1,007.25 अंक यानी 7.38 प्रतिशत की तेजी आई है। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रहा। इसमें 7.10 प्रतिशत की तेजी आई।

### निफ्टी 2.57 फीसदी हुआ मजबूत

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,197.11 अंक यानी 2.46 प्रतिशत मजबूत होकर 49,797.72 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स एक समय 50,000 के स्तर तक गया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 366.65 अंक यानी 2.57 प्रतिशत मजबूत होकर 14,647.85 अंक पर बंद हुआ।

### बाजार के लिए सकारात्मक संकेत

विशेषज्ञों के अनुसार, इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों का निजीकरण और जमीन समेत अन्य संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत है।

**इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN : L23423HR1933PLC000097
पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
Ph.: 01732-661061, E-mail Id: roynr@isgec.com,
Website: www.isgec.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा अनुमोदन करने हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बृहस्पतिवार, 11 फरवरी 2021** को आयोजित की जानी निर्धारित है।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://www.isgec.com/aboutus-financials-Notices.php और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

अध्यक्ष के आदेश द्वारा
हस्ता/-
(एस.के. खोराना)
कार्यकारी निदेशक एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 02.02.2021

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि/समय | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओटी-27/20-21 | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ कंस्ट्रक्शन ऑफ एल.एच.एस./आर.बो.बी. अट 92–सी.एंड 117–सी. एंड रेसिंग एंड एक्सटेंशन ऑफ प्लेटफार्म एट जगाधरी वर्कशॉप ओवर अम्बाला डिवीजन। | 03.03.2021 को 15:00 बजे | ₹52,54,255.50 | शून्य | 09 माह |
| 2. | ओटी-28/20-21 | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ सेक्शनल सिगनल मेंटेनसें कॉन्ट्रैक्ट इन सेक्शन ऑफ डी.एस.टी.ई./वर्क्स/अम्बाला (अम्बाला–कालका–शिमला/ सेक्शन ओवर अम्बाला डिवीजन। | 03.03.2021 को 15:00 बजे | ₹29,95,071.00 | शून्य | 09 माह |
| 3. | ओटी-29/20-21 | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ प्रोविसन ऑफ ट्रेसिंग, ऑफ केबल रूट एंड डिटेक्शन ऑफ एक्सिस्टिंग केबल रूट प्लान इन सहारनपुर–अम्बाला–लुधियाना सेक्शन ओवर अम्बाला डिवीजन। | 03.03.2021 को 15:00 बजे | ₹54,18,009.00 | शून्य | 09 माह |

नोटः 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारो को ई–टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

सं. एस.डब्ल्यू./सिग/अम्बाला/एन०आई०टी०–10/20–21 दिनांक: 01.02.2020 243/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सोना 480 रु. गिरा चांदी तीन हजार रुपये से अधिक लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर गिरावट के चलते मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 480 रुपए घटकर 47,702 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले सोमवार को सोना 48,182 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी भी 3,097 रुपए गिरकर 70,122 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। चांदी सोमवार को 73,219 रुपए प्रति किलोग्राम रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोना गिरावट के साथ 1,847 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था। चांदी भी गिरकर 27.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, अमेरिका में राहत उपायों पर प्रगति नहीं होने से सोने में गिरावट रही। कारोबारियों और निवेशकों की मुनाफावसूली से भी दबाव रहा।

### निवेशक मुनाफावसूली कर रहे

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट में शुल्क कटौती की घोषणा के बाद निवेशक उच्च स्तर पर कुछ मुनाफावसूली कर रहे हैं।

## बजट के सुधार आर्थिक नरमी से देश को बाहर निकालेंगे : राजीव



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि 2021-22 के बजट में जिन उपायों की घोषणा की गई है, उसका मकसद भारत को कोविड-19 के कारण उत्पन्न नरमी से बाहर निकालना और निजी निवेश के लिए भारत को बेहतर गंतव्य बनाना है।कुमार ने भरोसा जताया कि सरकार अगले वित्त वर्ष में 1.75 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य को पार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में जिन सुधारों की घोषणा की गई है, उससे 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। कुमार ने कहा, 'वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में किए गए उपायों का उद्देश्य वृद्धि को गति देना और भारत को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न नरमी से बाहर निकालना है।' उन्होंने कहा, बजट का मकसद निजी क्षेत्र में भरोसा बढ़ाकर बेहतर पहुंच और अवसर उपलब्ध कराना तथा भारत को निजी निवेश के लिहाज से एक बेहतर गंतव्य बनाना भी है। बजट में रखे गए 1.75 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य के बारे में कुमार ने कहा कि पिछले 8-9 महीनों में इस मामले में कई काम किए गए हैं और अब बाजार की स्थिति में बदलाव आया है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में रादौर जठलाना रोड से मंढर (आईडी 574) (0.00 से 1.90 तक) सम्पर्क सड़क का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण + 1 अन्य कार्य। | 09.02.2021 22.02.2021 | 73.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | भिवानी जिले में एनएच-709 (ई) से किमी. 123.520 से 146.500 तक क्रेक्स की सीलिंग। | 29.01.2021 22.02.2021 | 41.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416865641 pwdeepd3nhrtk1@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | भिवानी सिटी पोर्शन में रेवाड़ी-हिसार रेलवे लाइन क्रॉसिंग एनएच-709 (ई) के ऊपर एलसी सं. 51-सी आरओबी के ऊपर दो लेन के पुनरोद्धार कार्य हेतु निविदा का प्रकाशन। | 01.02.2021 22.02.2021 | 68.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416865641 pwdeepd3nhrtk1@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में बल्लभगढ़ रेस्ट हाउस के चारों ओर चारदिवारी के पुनर्निर्माण हेतु विशेष मरम्मत। | 28.01.2021 17.02.2021 | 11.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-2288187 pwd-eepd1-faridabad@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प अम्बाला | गांव अम्बली (अम्बाला) में सीएचसी के साथ-साथ आवासीय निवास का निर्माण + 2 अन्य कार्य। | 05.02.2021 18.02.2021 | 52.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01712630877 pwd-eeed- ambala@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज, भिवानी | ओपन सरफेस ड्रेन / भवन / आईएलपीबी गली / रिटेनिंग वॉल / गऊ घाट इत्यादि के निर्माण हेतु श्रम दर अनुबंध निविदा। | 01.02.2021 07.02.2021 | 71.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | महिला एवं बाल विकास यमुनानगर | जिला यमुनानगर में आईसीडीएस के तहत वांछित एसएनपी के परिवहन हेतु। | 23.01.2021 08.02.2021 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO 2021_HRY_157415_1 | 8168823480 dpoynr.wcd@gmail.com |
| 8 | सीईओ जिला परिषद, जीन्द | जिला जीन्द खण्ड जीन्द के विभिन्न गांवों में जूट / कैनवस बैग की आपूर्ति अनुबंध दर पर निर्धारित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन। | 29.01.2021 05.02.2021 | ईएमडी 1.96 | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO 2020_HRY_158016_1 | 9034706141 jndhssbm@gmail.com |
| 9 | सीईओ जिला परिषद, जीन्द | जिला जीन्द खण्ड जीन्द के विभिन्न गांवों में ट्राईसिकल रिक्शा की आपूर्ति अनुबंध दर पर निर्धारित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन। | 29.01.2021 05.02.2021 | ईएमडी 1.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO 2020_HRY_158064_1 | 9034706141 jndhssbm@gmail.com |
| 10 | वन विभाग | दूबलधन हर्बल पार्क में पौधारोपण मैन पथ का निर्माण और दूब ग्रास लॉन बनाना। | 01.02.2021 12.02.2021 | 17695/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO DEO/JJR/2021_HRY_158218 | 8168975080 goyatsandeep78@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कैथल | हरिपुरा - गांव हरिपुरा की विभिन्न गलियों में 147 अदद फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन का प्रावधान तथा उससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य।" (जल जीवन मिशन फेज-1 के तहत) + 2 अन्य कार्य। | 29.01.2021 05.02.2021 | 26.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416089738 ee2kaithal@phedharyana.gov.in |
| 12 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में सेंट्रल और विभाग लाइब्रेरी हेतु चिकित्सा पुस्तकों की आपूर्ति के लिये ई-निविदा। | 22.01.2021 11.02.2021 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2021/240/1660/I/88/6 दि. 02.02.21